शब्दबाणों का प्रहार

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

# राष्ट्रबाण

सिवनी

संपादक : संजय बघेल





@ PG 2


सोमवार 20 अप्रैल 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in ● वर्ष : 10 ● अंक : 349 ● पृष्ठ : 06 ● मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan


## न्यूज ब्रीफ

### मौजूदा लोकसभा सीटों पर महिला आरक्षण लागू करने की मांग

**नईदिल्ली।** कांग्रेस ने महिला आरक्षण तुरंत लागू करने की मांग को लेकर रविवार को प्रदर्शन किया। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बीजेपी मुख्यालय की ओर मार्च किया और नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल नेताओं ने कहा कि महिला आरक्षण को मौजूदा 543 लोकसभा सीटों पर ही लागू किया जाना चाहिए। उनका आरोप है कि सरकार इसे परिसीमन और जनगणना से जोड़कर जानबूझकर देरी कर रही है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला फूंका और बीजेपी दफ्तर की ओर बढ़ने की कोशिश की। इस दौरान उनके हाथों में पोस्टर भी थे।

### सैटेलाइट फोन के साथ अमेरिकी नागरिक पकड़ा गया

**श्रीनगर।** श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक अमेरिकी नागरिक को सैटेलाइट फोन के साथ हिरासत में लिया गया है। सूत्रों के अनुसार, उसकी पहचान अमेरिका के मोंटाना निवासी जेफ्री स्कॉट प्रैथर के रूप में हुई है। उसे नियमित सुरक्षा जांच के दौरान रोका गया, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने उसे पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। कश्मीर में सैटेलाइट फोन के इस्तेमाल पर सख्त नियम लागू हैं। बिना अनुमति इसे रखना प्रतिबंधित है। अधिकारियों ने बताया कि उसके साथ मौजूद एक स्थानीय व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है और उनके आने के उद्देश्य व डिवाइस के इस्तेमाल को लेकर जांच जारी है।

### ईडी का कोलकाता पुलिस डिप्टी कमिश्नर के ठिकानों पर छापा

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को कोलकाता पुलिस के डिप्टी कमिश्नर शांतनु सिन्हा बिस्वास और एक अन्य व्यक्ति के ठिकानों पर छापा मारा। यह कार्रवाई चुनाव वाले राज्य में एक अपराधी और उससे जुड़े सिंडिकेट के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत की गई है।


राष्ट्रबाण

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमें कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433


# सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में रोडसेफ्टी निर्देश जारी किए:कहा- एक्सप्रेसवे खतरे का गलियारा नहीं बनने चाहिए; इन सड़कों पर भारी वाहन पार्किंग न हो

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**सुप्रीम** कोर्ट ने सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए पूरे देश में कई गाइडलाइंस जारी की हैं। इन निर्देशों एक्सप्रेसवे जैसी सड़कों पर भारी वाहनों की पार्किंग पर रोक भी शामिल है। कोर्ट ने कहा कि प्रशासनिक सुस्ती या इंफ्रास्ट्रक्चर की कमियों के कारण एक्सप्रेसवे खतरे का गलियारा नहीं बनने चाहिए। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एएस चांदुरकर की बेंच ने सड़क और परिवहन मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय



राजमार्ग प्राधिकरण और राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों को सड़कों को सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए।

बेंच ने बताया कि नेशनल हाईवे भारत की कुल सड़क लंबाई का सिर्फ 2% हैं, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली कुल मौतों में इनका हिस्सा लगभग 30% है।

ये निर्देश 13 अप्रैल को सामने आए। जहां कोर्ट 2 और 3 नवंबर 2025 को राजस्थान के फलोदी, तेलंगाना के रंगारेड्डी में लगातार हुई सड़क दुर्घटनाओं में 34 लोगों की मौत के बाद दर्ज केस पर सुनवाई कर रहा था।

इन दुर्घटनाओं का कारण सिस्टम की लापरवाही और बुनियादी ढांचे का फेल्योर था, जिसके कारण ये मौतें हुईं।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश 9 पॉइंट्स में ...

- कोई भी भारी या कमर्शियल गाड़ी किसी भी नेशनल हाईवे के कैरिजवे या पक्के शोल्डर पर पार्क नहीं होगी, रुकेगी नहीं, सिवाय किसी तय जगह, ले-बाय, या सड़क किनारे की सुविधा वाली जगह के।
- निर्देश को लागू करने का काम एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए किया जाएगा। इसमें राज्य पुलिस को रियल-टाइम अलर्ट भेजना, जीपीएस टाइमस्टैम्प वाले फोटो सबूत और इंटीग्रेटेड ई-चालान बनाना शामिल है।
- नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया, राज्य पुलिस और राज्य परिवहन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को इन निर्देशों का पालन करना होगा। संबंधित जिलों के कलेक्टर एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर तय करेंगे। इनका पालन 60 दिन के अंदर किया जाना चाहिए।
- किसी भी नेशनल हाईवे के 'राइट ऑफ वे' के अंदर किसी भी नए ढाबे, खाने की जगह या कमर्शियल इमारत का निर्माण और संचालन तुरंत प्रभाव से रोक दिया जाए।
- जिला मजिस्ट्रेट सीएनएच एक्ट के प्रोसीजर और 7 अगस्त, 2025 के एसओपी के मुताबिक, सभी नई और पहले से मौजूद गैर-कानूनी इमारतों को 60 दिनों के अंदर गिराने/हटाने का काम करवाएंगे।
- कोई भी विभाग, अथॉरिटी, स्थानीय निकाय हाईवे सुरक्षा जोन के अंदर किसी भी जगह के लिए बिना एनएचएआई/पीडब्ल्यूडी की मंजूरी के कोई लाइसेंस, एनओसी या व्यापार की मंजूरी नहीं देगा। न ही लाइसेंस रिन्यू करेगा।
- ऐसी जगहों के लिए पहले से मौजूद सभी लाइसेंसों की 30 दिनों के अंदर समीक्षा की जाएगी।
- जिन जिलों से नेशनल हाईवे गुजरता है, वहां जिला मजिस्ट्रेट 15 दिन के अंदर एक सुरक्षा टास्क फोर्स बनाएंगे।
- पूरे भारत में हर जिले में इस आदेश के 7 दिन के अंदर फोर्स बनाई जाएगी। इसमें प्रशासन, पुलिस, एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी शामिल होंगे।

# ईरानी राष्ट्रपति: ट्रम्प हमसे परमाणु अधिकार छीनने वाले कौन होते हैं

## कहा- हम युद्ध नहीं चाहते, सिर्फ आत्मरक्षा कर रहे; अमेरिका पर भरोसा नहीं

राष्ट्रबाण | तेल अवीव | एजेंसी | rashtrabaan.in

**ईरान** के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने रविवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान के परमाणु अधिकारों को रोकने का कोई हक नहीं है। ईरानी न्यूज एजेंसी के मुताबिक, पजशकियान कहा, 'ट्रम्प कहते हैं कि ईरान अपने परमाणु अधिकारों का इस्तेमाल नहीं कर सकता, लेकिन यह नहीं बताते कि किस जुर्म में। वह कौन होते हैं किसी देश को उसके अधिकारों से वंचित करने वाले? ' पजशकियान का यह बयान ऐसे समय आया है जब सीजफायर की समय सीमा खत्म होने वाली है। अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत में अभी भी गतिरोध बना हुआ है। दोनों के बीच मतभेद ईरान के परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज स्ट्रेट के नियंत्रण को लेकर हैं।

पजशकियन ने दोहराया कि ईरान युद्ध नहीं चाहता है। सिर्फ आत्मरक्षा में कदम उठा रहा है। उन्होंने अमेरिका और इजराइल पर नागरिक ढांचे को निशाना बनाने का आरोप लगाया और इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया।

इससे पहले ईरानी संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर ने कहा था कि अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। हालात कभी भी बिगड़ सकते है।

**ट्रम्प बोले- अमेरिकी प्रतिनिधि सोमवार को पाकिस्तान पहुंचेंगे**

ट्रम्प ने कहा कि ईरान से बातचीत के लिए अमेरिकी प्रतिनिधि सोमवार को पाकिस्तान पहुंचेंगे। रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने आरोप लगाया कि ईरान ने शनिवार को होर्मुज स्ट्रेट में गोलीबारी कर सीजफायर का उल्लंघन किया। उन्होंने लिखा कि होर्मुज बंद कर ईरान करीब 500 मीलियन डॉलर प्रति दिन का नुकसान उठा रहा है, जबकि अमेरिका का कोई नुकसान नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान अमेरिकी प्रस्ताव नहीं मानता तो अमेरिका उसके पावर प्लांट और पुलों को निशाना बना सकता है।

### पिछले 24 घंटे के 5 बड़े अपडेट्स



- भारतीय जहाजों पर फायरिंग- ईरान ने होर्मुज में 2 भारतीय जहाजों पर फायरिंग की। 14 जहाज रोके गए, 13 वापस लौटे। भारत ने राजदूत को तलब कर विरोध जताया।
- होर्मुज स्ट्रेट फिर बंद- ईरान ने अमेरिका पर सीजफायर उल्लंघन का आरोप लगाते हुए स्ट्रेट दोबारा बंद किया।
- 2.6 करोड़ बैरल तेल जारी किया- सप्लाई संकट के बीच अमेरिका ने रिजर्व से 2.6 करोड़ बैरल तेल निकालकर कंपनियों को दिया।
- यूएस-ईरान बातचीत का अगला दौर संभव- सोमवार को पाकिस्तान में नई बातचीत हो सकती है। दोनों पक्षों ने अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।
- ट्रम्प बोले- नाकेबंदी जारी रहेगी- ट्रम्प बोले- समझौता करीब है, लेकिन डील होने तक ईरान पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी।

### पाकिस्तान में फिर वार्ता के लिए अमेरिका से नई टीम पहुंचेगी

डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ बातचीत इस हफ्ते फिर शुरू होगी और इसके लिए अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने विशेष दूत स्टीव विटकॉफ सोमवार को पाकिस्तान पहुंचेंगे। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, दूसरा अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता का दौर मंगलवार को इस्लामाबाद में तय है। शांति के लिए अमेरिका के विशेष दूत जेरेड कुशनर भी इन बातचीत में शामिल होंगे। पिछली बातचीत का नेतृत्व करने वाले जेडी वेंस इस बार शामिल नहीं होंगे।

### दूसरी वार्ता के लिए इस्लामाबाद में तैयारी शुरू

अमेरिका और ईरान के बीच संभावित दूसरे दौर की सीजफायर वार्ता से पहले पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक रविवार को प्रशासन ने सड़कों पर जवान तैनात किए, पर्यटन स्थलों को बंद किया और बड़े होटलों को बुकिंग रद्द कर सुविधाएं खाली रखने का आदेश दिया। हालांकि कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में बातचीत के लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं। मध्यस्थता में शामिल एक क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 16 की मौत



## 6 घायल, कई मलबे में दबे; 30 मजदूर काम कर रहे थे

विरुधुनगर, एजेंसी।

**तमिलनाडु** के विरुधुनगर जिले में एक पटाखा फैक्ट्री में रविवार को धमाका हुआ। फायर एंड रेस्क्यू विभाग के मुताबिक, हादसे में अब तक 16 लोगों के शव बरामद किए गए हैं। हादसे के समय फैक्ट्री में 30 मजदूर काम कर रहे थे। 6 लोगों को गंभीर घायल होने के कारण अस्पताल ले जाया गया, जबकि कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है।

दमकल, पुलिस और राहत टीमें मौके पर पहुंचकर मलबा हटाने और फंसे लोगों को निकालने में जुटी हैं। फिलहाल विस्फोट की वजह साफ नहीं है। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने 𝕏 पर लिखा- इस हादसे में कई लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद है। मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। सीएम ने मंत्रियों को तुरंत घटनास्थल पर जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिला कलेक्टर से बात कर सभी जरूरी सहायता पहुंचाने के लिए व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

### 6 दिन पहले भी धमाके में दो लोगों की मौत हुई थी

इससे पहले 13 अप्रैल को विरुधुनगर सत्तूर के पास सथिरापट्टी इलाके में एक पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ था। इसमें दो मजदूर की मौत हो गई थी। पांडी नाम के मजदूर की मौके पर झुलसने से मौत हो गई थी। वहीं अस्पताल में इलाज के दौरान करुप्पासामी (33) की मौत हो गई।

# 200-फीट गहरी खाई में गिरी बस, दो महिलाओं की मौत :31 घायल

## कपड़ों से रस्सी बनाकर बाहर निकाला; बिना इंश्योरेंस-फिटनेस के दौड़ रही थी गाड़ी

राष्ट्रबाण | अजमेर | एजेंसी | rashtrabaan.in

**अजमेर** में सवारियों से भरी बस 200 फीट नीचे खाई में गिर गई। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। 31 लोग घायल हो गए। पुष्कर जा रही बस में 33 लोग सवार थे।



वे पीसांगन (अजमेर) में मायरा भरने जा रहे थे।

इस दौरान पुष्कर घाटी में बस बेकाबू हो गई। हादसा पुष्कर से करीब 3 किलोमीटर पहले रविवार दोपहर करीब 12 बजे हुआ। मौके से गुजर रहे लोगों ने कपड़ों से रस्सी बनाकर घायलों को खाई से बाहर निकाला। सभी यात्रियों को पहले पुष्कर के सरकारी अस्पताल लेकर गए। वहां से उन्हें अजमेर के जेएलएन हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। एक्सीडेंट के बाद पुष्कर घाटी में लंबा जाम लग गया। सीओ ग्रामीण रामचंद्र चौधरी ने बताया- अजमेर से पुष्कर की ओर जाते समय सांझीसर से थोड़ा आगे यह हादसा हुआ है। बस अचानक मेन रोड से खाई में उतर गई।

# चारधाम यात्रा शुरू, गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट खुले

## पहली पूजा पीएम के नाम की हुई; अबतक 18 लाख लोगों ने करवाया रजिस्ट्रेशन

राष्ट्रबाण | देहरादून | एजेंसी | rashtrabaan.in

**उत्तराखंड** में आज से चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर गंगोत्री और 12 बजकर 35 मिनट पर यमुनोत्री के कपाट खोल दिए गए। गंगोत्री में पहली पूजा पीएम मोदी के नाम की हुई, जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए। इस पूजा के खत्म होने के बाद आम लोग अब मां गंगा के दर्शन कर पा रहे हैं। उधर, मां यमुनोत्री में कपाट खुलते ही काफी देर से दर्शन के लिए खड़े लोगों की भीड़ अब मंदिर की तरफ बढ़ती दिख रही है। वहीं, बाबा केदार की डोली भी अपने शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर से फाटा की ओर रवाना हो गई है।

# पीएम बोले-महिला आरक्षण बिल पास नहीं हुआ, माफी मांगता हूं, विपक्ष ने अधिकार छीना

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार रात 8.30 से 9 बजे, 30 मिनट तक देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'महिला आरक्षण बिल में संशोधन नहीं हो पाया। मैं सभी माताओं-बहनों से माफी मांगता हूं।'

पीएम ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा, 'मेरे लिए देशहित सर्वोपरि है। जब कुछ लोगों के लिए दलहित देशहित से बड़ा हो जाता है तो नारी शक्ति को ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है।' पीएम ने आगे कहा- कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके जैसे विपक्षी दल इस



भ्रूणहत्या के गुनहगार हैं। ये देश के संविधान के अपराधी हैं। नारी शक्ति के अपराधी हैं। जिन लोगों ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी।

लोकसभा में शुक्रवार को महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान (131वां संशोधन) बिल पास नहीं हो सका था। बिल में लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 816 करने और महिलाओं को 33% आरक्षण देने का प्रस्ताव था। बिल के पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े, जबकि इसे पास करने के लिए 352 वोटों की जरूरत थी।

### सपने को कुचला

आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि कैसे भारत की नारी शक्ति की उड़ान को रोक दिया गया। उनके सपनों को बेरहमी से कुचल दिया गया। कल देश की करोड़ों महिलाओं की नजर संसद पर थी। जब ये नारी हित का प्रस्ताव गिरा तो कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, सपा जैसी परिवारवादी पार्टियां खुशी से तालियां बजा रही थीं।

## 22 अप्रैल को लश्कर के आतंकियों ने 26 लोगों की हत्या की थी

# पहलगाम हमले की बरसी से पहले कश्मीर में सुरक्षा बढ़ी

राष्ट्रबाण | पहलगाम | एजेंसी | rashtrabaan.in

**पहलगाम** आतंकी हमले की पहली बरसी से पहले कश्मीर भर के टूरिस्ट स्पॉट्स पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सभी सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि वे पहलगाम हमले की बरसी पर टूरिस्ट स्पॉट्स के आस-पास, किसी भी संभावित आतंकी हमले को लेकर सतर्क रहें। पहलगाम आने वाले टूरिस्टों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। हर सर्विस प्रोवाइडर की जांच-पड़ताल की गई है। उन्हें रजिस्टर्ड किया है। उन्हें यूनीक क्यूआर कोड दिया गया है। इसमें व्यक्ति की निजी जानकारी और दूसरी डिटेल्स हैं।

दरअसल, पिछले साल 22 अप्रैल को लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने पहलगाम की बायसरन वैली में 26 लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी थी। इनमें 25 टूरिस्ट और एक पोनी राइडर शामिल था। हमले के कारण जम्मू-कश्मीर से टूरिस्ट ने आना बंद कर दिया था। लगभग 50 टूरिस्ट स्पॉट बंद कर दिए गए थे। बाद में सिक्योरिटी ऑडिट के बाद कुछ स्पॉट दोबारा खोले गए।

### क्यूआर कोड इनीशिएटिव क्यों, इसमें क्या-क्या हैं



जम्मू-कश्मीर के बाहर से आकर यहां काम करने वाले वेंडरों का भी पुलिस ने पूरा वेरिफिकेशन किया है, ताकि सुरक्षा में कोई कमी न रहे। इसी वजह से उन्हें अलग-अलग क्यूआर कोड दिए गए हैं।

इन क्यूआर कोड में व्यक्ति का नाम, पिता का नाम, पूरा पता, मोबाइल नंबर, आधार नंबर, रजिस्ट्रेशन नंबर, काम का क्षेत्र दर्ज होती है। साथ ही यह जानकारी भी होती है कि उसका पुलिस वेरिफिकेशन हुआ है या नहीं। पहलगाम में काम करने वाले सभी लोग जैसे पोनी राइड चलाने वाले, फोटोग्राफर, वेंडर और अन्य को जांच के बाद ही क्यूआर कोड दिए गए हैं।

### भारत आतंकवाद के खिलाफ अमेरिका में प्रदर्शनी लगाएगा

अमेरिका में भारतीय दूतावास कैपिटल हिल पर मंगलवार को एक प्रदर्शनी लगाएगा, जिसमें पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर फोकस होगा। भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा 'द ह्यूमन कॉस्ट ऑफ टेररिज्म' प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। यह एक डिजिटल प्रदर्शनी होगी, जिसमें 1993 के मुंबई बम धमाके, 2008 के मुंबई हमले और पहलगाम हमले जैसे मामलों को दिखाया जाएगा।

राष्ट्रबाण
सिवनी, सोमवार 20 अप्रैल 2026

# शहडोल राष्ट्रबाण

• ब्यौहारी • जयसिंघनगर • सोहागपुर • गोहपारु • बुढ़ार • जैतपुर

# अवैध ईंट भट्ठों का फैलता जाल, विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल, कार्रवाई की दरकार

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in



शहडोल जिला मुख्यालय से सटे गोरतरा सहित अन्य गांव में अवैध ईंट भट्ठों का संचालन लंबे समय से जारी है जिससे क्षेत्र में प्रदूषण और जनस्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आ रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि बिना आवश्यक अनुमति और पर्यावरणीय मानकों का पालन किए भट्ठों का संचालन खुलेआम किया जा रहा है, जबकि जिम्मेदार विभाग निष्क्रिय बने हुए हैं।

### नियमों की अनदेखी, प्रदूषण का बढ़ता स्तर

जानकारों के माने तो संचालित भट्ठों के पास न तो प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की स्वीकृति है और न ही खनन से संबंधित आवश्यक अनुमति। आधुनिक तकनीकों की जगह पारंपरिक और अधिक प्रदूषणकारी तरीकों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे कोयले का अत्यधिक धुआं पूरे क्षेत्र में फैल रहा है।

### पर्यावरण और खेती पर असर

भट्ठों से निकलने वाला धुआं और राख आसपास के वातावरण को प्रभावित कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इसका सीधा असर कृषि पर पड़ रहा है, जिससे फसलों की गुणवत्ता में गिरावट देखी जा रही है। क्षेत्र में वायु गुणवत्ता लगातार खराब होती जा रही है।

### स्वास्थ्य पर बढ़ता खतरा

ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों और बुजुर्गों में सांस संबंधी बीमारियां, खांसी और एलर्जी के मामलों में वृद्धि हुई है। लगातार प्रदूषित वातावरण में रहने से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

### कानूनी प्रावधानों की अनदेखी

नियमानुसार ईंट भट्ठा संचालन के लिए पर्यावरणीय अनुमति, खनन स्वीकृति और अन्य आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य होते हैं। उल्लंघन की स्थिति में सख्त कार्रवाई का प्रावधान है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका पालन नहीं हो रहा।

### कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने मीडिया वे माध्यम से विभागीय अमले से कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि यह मुद्दा केवल एक गांव तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के पर्यावरण और जनस्वास्थ्य से जुड़ा है।

## सामूहिक विवाह समारोह बना सामाजिक एकता की मिसाल

198 जोड़ों ने वैदिक रीति-रिवाज से लिए सात फेरे, अक्षय तृतीया पर रसपुर में हुआ भव्य आयोजन

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in



जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम पंचायत रसपुर में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 198 जोड़ों ने वैदिक रीति-रिवाज एवं मंत्रोच्चारण के साथ सात फेरे लेकर वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत की। आयोजन स्थल पर पारंपरिक संस्कृति, सामाजिक एकता एवं सौहार्द की अनूठी झलक देखने को मिली। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा नवदंपतियों को माला पहनाकर, पुष्पवर्षा कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

### सामूहिक विवाह से बढ़ रही सामाजिक एकता : विधायक

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शरद कोल ने कहा कि सामूहिक कन्या विवाह सामाजिक समरसता और सद्भाव का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में समानता, सादगी और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर हुआ यह आयोजन नवदंपतियों के लिए अत्यंत मंगलकारी सिद्ध होगा। उन्होंने विवाह संस्कार को भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि सामूहिक विवाह से अनावश्यक खर्च में कमी आती है और सामाजिक सहभागिता बढ़ती है।

### आदर्श विवाह की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : जनपद अध्यक्ष

जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षी सिंह ने कहा कि सामूहिक कन्या विवाह योजना का उद्देश्य सादगीपूर्ण एवं आदर्श विवाह को बढ़ावा देना है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिलती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं और दहेज जैसी कुरीतियों को समाप्त करने की दिशा में प्रभावी संदेश देते हैं।

### नवदंपतियों को मिला गृहस्थ जीवन का सहारा

कार्यक्रम के दौरान नवविवाहित जोड़ों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 51-51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता के प्रतीक स्वरूप चेक तथा गृहस्थ जीवन की आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ब्यौहारी सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ की जिला एवं ब्लॉक इकाई की संयुक्त गतिविधियाँ सम्पन्न

संगठन विस्तार और 1 मई आयोजन पर अहम निर्णय

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in



भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ शहडोल जिला इकाई एवं ब्यौहारी ब्लॉक इकाई की मासिक बैठकों का आयोजन गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें संगठन विस्तार, नई नियुक्तियाँ, आई कार्ड वितरण तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिला इकाई की बैठक 16 अप्रैल को स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित हुई, जबकि ब्यौहारी ब्लॉक इकाई की बैठक स्थानीय रेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। दोनों बैठकों में वर्ष 2026 के लिए सभी सदस्यों को परिचय पत्र आई-कार्ड वितरित किए गए तथा संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई।

### राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों का सम्मान

बैठकों का मुख्य आकर्षण हाल ही में नियुक्त राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों का सम्मान रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश भार्गव की सहमति से कमलेश श्रीवास्तव, गोपाल दास बंसल, अनिल द्विवेदी, मनोज सिंह एवं लुकमान अली को नेशनल काउंसलर नियुक्त किया गया। वहीं अरविंद द्विवेदी को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तथा जुनैद खान को प्रदेश सचिव बनाए जाने पर संगठन ने उनका स्वागत एवं सम्मान किया।कार्यक्रम में प्रदेश संगठन प्रभारी राहुल सिंह राणा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अरविंद द्विवेदी एवं प्रदेश सचिव जुनैद खान की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। ब्यौहारी बैठक में विधायक शरद जुगलाल कोल ने संगठन को अनुशासित और पत्रकार हितों के प्रति सजग बताते हुए इसकी भूमिका को लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया।

### संभागीय एवं ब्लॉक इकाइयों का विस्तार

दोनों बैठकों में संभागीय इकाई के विस्तार की घोषणा की गई। इसमें विभिन्न पदों पर पत्रकारों की नियुक्तियाँ की गई। शहडोल संभागीय इकाई में हारून रशीद खान को कार्यकारी अध्यक्ष, अखिलेश मिश्रा को महासचिव और सुनीता सिंह को महिला प्रकोष्ठ प्रभारी नियुक्त किया गया।इसके अलावा कई पत्रकारों को उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, कार्यकारी सदस्य, प्रवक्ता एवं विधिक सलाहकार की जिम्मेदारियाँ सौंपी गई। ब्यौहारी ब्लॉक इकाई में नीलेश सोनी को संभागीय उपाध्यक्ष तथा बृजकिशोर तिवारी को संभागीय सचिव बनाया गया।

### 1 मई को होगा संभागीय सम्मेलन

दोनों बैठकों में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 1 मई 2026 (मजदूर दिवस) पर शहडोल में संभागीय इकाई का शपथ ग्रहण समारोह, सम्मान समारोह एवं मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन की जिम्मेदारी जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों को सौंपी गई है।

### बड़ी संख्या में पत्रकारों की उपस्थिति

दोनों बैठकों में शहडोल एवं ब्यौहारी क्षेत्र के लगभग आधा सैकड़ा से अधिक पत्रकारों ने भाग लेकर संगठन की एकजुटता का परिचय दिया। उपस्थित सदस्यों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया।

## रंगमंच की बारीकियों से रूबरू हुए छात्र, 25 अप्रैल को होगा भव्य नाटक मंचन

**शहडोल।** रंगमंच के विस्तार एवं नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से शहडोल में आयोजित बाल सह युवा नाट्य कार्यशाला का समापन 25 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। यह समापन सत्र एवं नाट्य प्रस्तुति जनपद पंचायत सभागार सोहागपुर में दोपहर 12 बजे से आयोजित होगी। उल्लेखनीय है कि यह कार्यशाला अप्रैल माह से शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया परिसर में निरंतर संचालित की जा रही है। इसे मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल एवं संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है।

## शासकीय वाहन पर निजी कब्जे के आरोप, थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

वाहन उपलब्ध न होने से प्रभावित हो रही पुलिस कार्रवाई, घटनास्थल तक पहुंचने में हो रही देरी

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in




जिले के अंतिम छोर में स्थित सीधी थाना एक बार फिर चर्चा का केंद्र बन गया है। पहले जहां यह थाना क्षेत्र अवैध गतिविधियों को लेकर सुर्खियों में रहता था, वहीं अब नए थाना प्रभारी एसआर भगत की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सूत्रों की माने तो थाना प्रभारी द्वारा शासकीय वाहन का उपयोग नियमों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। बताया गया है कि वाहन को अधिकतर समय उनके निजी उपयोग में रखा जाता है या फिर अपने कमरे परिसर में खड़ा रहने दिया जाता है। इससे अन्य पुलिसकर्मियों को आवश्यक कार्यों के लिए वाहन उपलब्ध नहीं हो पाता, जिसका सीधा असर पुलिस की कार्यक्षमता पर पड़ रहा है। जानकरों की माने तो कई बार आपात स्थितियों में घटनास्थल तक पहुंचने में देरी हो जाती है क्योंकि वाहन उपलब्ध नहीं रहता। ऐसे में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और त्वरित कार्रवाई करने में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। क्षेत्र के लोगो का भी मानना है कि इस तरह की स्थिति से आमजन को समय पर पुलिस सहायता मिलने में कठिनाई हो सकती है। गौरतलब है कि सीधी थाना क्षेत्र पहले से ही संवेदनशील माना जाता रहा है। ऐसे में संसाधनों का सही उपयोग और बेहतर प्रबंधन बेहद आवश्यक है। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में व्यवस्थाओं को लेकर असंतोष की स्थिति बनती दिखाई दे रही है।जानकार यह भी बताते हैं कि टीआई साहब पूर्व में यातायात विभाग में पदस्थ रहने के दौरान भी चर्चा में रह चुके हैं। ऐसे में उनकी कार्यशैली को लेकर पहले से ही सवाल उठते रहे हैं, जो अब एक बार फिर सामने आ रहे हैं। यदि यह सभी आरोपों में सच्चाई है तो यह न केवल विभागीय नियमों का उल्लंघन है बल्कि पुलिस व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करता है।

## सरवारी में जल चैपाल का किया गया आयोजन

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in




प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में जल के संरक्षण, संवर्धन एवं जल के प्रति जनमानस में जागरूकता बढ़ाने के उददेश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक चलाया जा रहा है। जिले के समस्त ग्राम पंचायतो एवं नगरीय निकायो में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्षा के जल के संचयन हेतु पुराने तालाबो की साफ-सफाई, जल स्त्रोतो के जीर्णोद्वार के कार्य, शोक पिट निर्माण, वाटर हार्वेस्टिग के कार्य जैसे अन्य कार्य किये जा रहे है जिसके सकारात्मक परिणाम परिलक्षित हो रहे है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम सरवारी में विधायक ब्यौहारी श्री शरद कोल, विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती मालती सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री काजोल सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर श्रीमती शिवानी जैन के नेतृत्व में जल चैपाल का आयोजन किया गया। साथ ही तालाब की साफ सफाई कार्य में श्रमदान कर जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया गया। जल चैपाल के दौरान आमजन को जल का महत्व बताया गया कि जल के बिना जीवन संभव नहीं है इसका संचयन अत्यन्त आवश्यक है। जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है। वर्षा के जल को सहेजने के लिए हम सबको आगे आना होगा और जल के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति हम सब को सचेत और सजग होना पड़ेंगा।

## अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ महिला सहित 04 आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल



राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in

जयसिंहनगर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर बस स्टैंड जयसिंहनगर में घेराबंदी कर की, जहां रीवा से आ रही यात्री बस में अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ दो आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा गया।पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि बस क्रमांक एमपी 17 पी 5255 में एक पुरुष और एक महिला भारी मात्रा में स्मैक लेकर शहडोल की ओर आ रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने बस स्टैंड पर घेराबंदी कर जांच शुरू की। बस के शाम लगभग 3¬55 बजे पहुंचने पर तलाशी के दौरान बीच की सीट पर बैठे एक पुरुष और एक महिला संदिग्ध पाए गए। पूछताछ में उनकी पहचान आरती सेन पति राजेंद्र उर्फ इंटू सेन निवासी पुरानी बस्ती, शहडोल तथा किशन भारती पिता स्व. संतोष भारती निवासी अंबेडकर कॉलोनी शहडोल के रूप में हुई। एनडीपीएस एक्ट के तहत नियमानुसार तलाशी लेने पर उनके कब्जे से कुल 12.98 ग्राम अवैध स्मैक (हेरोइन) बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग 30 हजार रुपये आंकी गई। इसके अलावा एक वीवो मोबाइल फोन, नकदी, बस टिकट, ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य दस्तावेज भी जब्त किए गए। कुल जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 42 हजार 7 सौ पचास रुपये बताई गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे यह स्मैक प्रयागराज (इलाहाबाद) से खरीदकर लाए थे। उन्होंने यह भी बताया कि पन्नू उर्फ मुन्नू गर्ग और शुभम बत्रा निवासी शहडोल के कहने पर वे वहां गए थे और उन्हें ऊंचे दामों पर यह मादक पदार्थ सप्लाई करना था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए इस नेटवर्क में शामिल मुख्य आरोपियों पन्नू गर्ग और शुभम बत्रा को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस प्रकार कुल चार आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं।पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 21 एवं 29 के तहत प्रकरण दर्ज कर सभी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

लोगों से सावधानी बरतने की अपील

# गर्मी से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in



जिले में लगातार बढ़ते तापमान और हीट वेव (लू) के प्रभाव को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आमजन के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने लोगों से गर्मी के मौसम में आवश्यक सावधानियाँ बरतने की अपील की है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसका सीधा असर मानव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। ऐसे में लू से बचाव के लिए सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जानकारी दी कि जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक दवाइयों, ओआरएस घोल एवं पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कर दी गई है। साथ ही हीट वेव से निपटने के लिए विशेष प्रबंध भी किए गए हैं।

### गर्मी से बचाव के लिए ये सावधानियाँ जरूरी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि तेज धूप में अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें। उन्होंने कहा कि लोग हल्के और ढीले कपड़े पहनें तथा सिर को कपड़े, टोपी या छाते से ढककर रखें। उन्होंने यह भी सलाह दी कि गर्मी के मौसम में अधिक से अधिक पानी का सेवन करें तथा नींबू पानी, छाछ, लस्सी जैसे तरल पदार्थों का उपयोग बढ़ाएं ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। डॉ. मिश्रा ने बताया कि बाहर से आने के तुरंत बाद ठंडा पानी पीने से बचें और शरीर को सामान्य तापमान पर आने दें।

### संवेदनशील वर्गों पर विशेष ध्यान देने की अपील

उन्होंने कहा कि बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखा जाए। तेज बुखार, चक्कर आना, उल्टी या अत्यधिक कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करना चाहिए।

### जागरूकता अभियान भी जारी

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के शासकीय, अशासकीय, शैक्षणिक एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें लोगों को लू से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। डॉ. राजेश मिश्रा ने आमजन से अपील की है कि गर्मी के मौसम में पूरी सावधानी बरतें और किसी भी स्वास्थ्य समस्या के लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।

राष्ट्रबाण
सिवनी, सोमवार 20 अप्रैल 2026

बालाघाट राष्ट्रबाण

● बैहर ● बिरसा ● कटंगी ● तिरोड़ी ● कटंगी ● खैरलांजी ● किरनापुर ● लालबर्रा ● लांजी ● परसवाड़ा ● वारासिवनी

# महिला आरक्षण के नाम पर बीजेपी की कूटनीति बेनकाब

## 850 सीटों का षड्यंत्र कर महिलाओं को ठगा– मनीष कुशवाहा

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

लोकसभा में गिरे 131वें संविधान संशोधन बिल ने मोदी सरकार की महिला-विरोधी मानसिकता और चुनावी कूटनीति को उजागर कर दिया है। बीजेपी ने नारी शक्ति वंदन का नारा देकर महिलाओं की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश की, लेकिन कांग्रेस और समूचे विपक्ष ने उनके मंसूबों को कामयाब नहीं होने दिया।

### परिसीमन की आड़ में चुनावी नक्शा बदलने की साजिश

बीजेपी सरकार ने 33त्न महिला आरक्षण को जानबूझकर जनगणना और परिसीमन से जोड़ा। असल मकसद था लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करना। ये सीधे-सीधे 2029 के चुनाव से पहले देश का चुनावी नक्शा अपने पक्ष में बदलने की कोशिश थी। राहुल गांधी जी ने सदन में साफ कहा कि यह ÷महिलाओं के सशक्तिकरण से ज्यादा चुनावी नक्शा बदलने की कोशिश है÷। अगर नीयत साफ होती तो आरक्षण मौजूदा 543 सीटों पर तुरंत लागू किया जा सकता था।

### 2029 तक टालने की चाल

बिल में शर्त रखी गई कि आरक्षण अगली जनगणना और उसके बाद परिसीमन होने पर ही लागू होगा। संसद में बिल लाकर भी महिलाओं को 2029 या उसके बाद तक इंतजार कराया जाता। ये



महिलाओं के साथ धोखा नहीं तो क्या है? कांग्रेस की मांग थी कि आरक्षण तुरंत लागू हो।

### ओबीसी और अल्पसंख्यक महिलाओं को बाहर रखने की नीति

कांग्रेस एवं सभी दलों ने 33 प्रतिशत महिला कोटे के अंदर ओबीसी, एससी, एसटी और अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए कोटा में कोटा तय किया जाए। सामाजिक न्याय का तकाजा यही था कि सबसे वंचित बहनों को पहले हक मिले। लेकिन बीजेपी ने धर्म के नाम पर आरक्षण न देने का बहाना बनाकर और ह्वक्चष्ट महिलाओं की बात अनसुनी कर अपनी सामंतवादी सोच दिखा दी।

### दो-तिहाई बहुमत न जुटा पाना बीजेपी की नाकामी

संविधान संशोधन के लिए 352 वोट चाहिए थे। बीजेपी अपने 12 साल के शासन में पहली बार बिल पास कराने लायक समर्थन नहीं जुटा पाई। जब नीयत में खोट हो तो जनता के प्रतिनिधि भी साथ नहीं देते।

### कांग्रेस का संकल्प

कांग्रेस पार्टी महिलाओं को उनका हक तुरंत दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम मौजूदा 543 सीटों पर बिना किसी शर्त के 33त्न महिला आरक्षण लागू कराने के पक्ष में हैं। साथ ही सीबीसी की गिनती कराकर उनकी आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी सुनिश्चित करेंगे। बीजेपी का 850 सीटों वाला मॉडल हम नहीं चलने देंगे।

### इनका कहना है

महिलाओं का सशक्तिकरण कांग्रेस के डीएनए में है। राजीव गांधी जी ने पंचायतों में 33त्न आरक्षण दिया था। अब लोकसभा में भी बिना किसी छल–कपट के आरक्षण लागू कराएंगे।
–मनीष कुशवाहा जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस विभाग बालाघाट।

# सुसवा, भालवा के विराट रायगढ़े ने 10 वीं में 96.2 प्रतिशत अंक लाकर रचा इतिहास

## डॉक्टर बनकर समाज सेवा करने का है लक्ष्य, क्षेत्र और समाज में हर्ष की लहर

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

शिक्षा के क्षेत्र में बालाघाट जिले के विद्यार्थियों ने सदैव ही अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। इसी क्रम में तहसील किरनापुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम सुसवा (भालवा) के एक होनहार छात्र विराट रायगढ़े ने माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। विराट ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से 96.2 प्रतिशत अंक हासिल कर यह साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य निर्धारित हो और इरादे नेक हों, तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

### परिश्रम से प्राप्त की बड़ी सफलता

विराट रायगढ़े, एमसीएस पब्लिक स्कूल बालाघाट के नियमित छात्र हैं। उन्होंने अपनी बोर्ड परीक्षा में कुल 500 अंकों में से 481 अंक अर्जित किए हैं। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल उनके विद्यालय का नाम ऊंचा किया है, बल्कि सुसवा, भालवा क्षेत्र के गौरव में भी वृद्धि की है। विराट के पिता देवेंद्र रायगढ़े, जो क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित और सफल व्यवसायी हैं, तथा माता योगेश्वरी रायगढ़े ने बताया कि विराट शुरू से ही पढ़ाई के प्रति बेहद गंभीर रहा है। उसने बिना किसी भारी दबाव के नियमित अध्ययन को अपनी सफलता का आधार बनाया।



विराट रायगढ़े व माता पिता

### भविष्य की राह : सेवा का संकल्प

अपनी इस बड़ी जीत के बाद विराट ने अपने भविष्य के लक्ष्यों को लेकर स्पष्ट दृष्टिकोण साझा किया। विराट ने बताया कि उनकी रुचि विज्ञान में है और वे उच्च माध्यमिक शिक्षा के लिए बायोलॉजी (जीव विज्ञान) विषय का चयन करेंगे। विराट का सपना भविष्य में एक कुशल डॉक्टर बनकर चिकित्सा के क्षेत्र में करियर बनाना है, ताकि वे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में अपना योगदान दे सकें। विराट की इस स्वर्णिम सफलता की खबर फैलते ही पूरे रविदास समाज और किरनापुर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि विराट जैसे प्रतिभावान छात्र क्षेत्र के अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस विशेष उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों और उनके इष्ट–मित्रों ने विराट के उज्ज्वल और मंगलमय भविष्य की कामना करते हुए उन्हें और उनके परिवार को हार्दिक बधाई प्रेषित की है।

# डीयांश पटले ने 10वी में 93.4 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार गांव व जिले का नाम रोशन किया

## कड़ी मेहनत और अनुशासन से हासिल की सफलता, क्षेत्र में खुशी की लहर

### कलेक्टर बनकर लापरवाह प्रशासनिक तंत्र पर शिकंजा कसने का है लक्ष्य

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

बालाघाट जिले के लालबर्रा क्षेत्र के औल्याकन्हार गांव निवासी बुनेश बिसेन व देवेश बिसेन के भांजे डीयांश पटले ने वैदिक कान्वेंट स्कूल लालबर्रा से एमपी बोर्ड की 10वी की परीक्षा में 500 अंक में से 467 अंक पाकर 93.4त्न प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश में अच्छा स्थान प्राप्त कर टाप किया है। परिवार रिश्तेदार और क्षेत्र सहित जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के बाद गांव में खुशी का माहौल है और शुभचिंतक लोग डीयाश को बधाई देने के लिए उनके घर पहुंच रहे हैं। ÷प्रियांश÷ ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन के दम पर यह सफलता हासिल की है। उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखा और बेहतर परिणाम प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर परिवारजनों रिश्तेदारों शुभचिंतकों में गर्व की भावना देखी जा रही है व हर्ष का माहौल है।

### मेहनत से प्राप्त की सफलता

उनकी इस उपलब्धि ने न केवल उनके विद्यालय का नाम ऊंचा किया है। बल्कि लालबर्रा क्षेत्र बालाघाट जिले को



गौरवान्वित किया है। डीयांश पटले के पिताजी स्वर्गीय रविशंकर पटले जो पहले महाराष्ट्र में किसी कम्पनी में प्राइवेट जॉब करते थे। माताजी गायत्री पटले स्वास्थ्य विभाग में आयुर्वेदिक आयुष स्टाप नर्स हैं। परिवार के सदस्यों का कहना है कि डीयांश शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और अनुशासित रहा है। उन्होंने अपनी मेहनत और समर्पण से यह साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास लगातार किए जाएं, तो सफलता अवश्य मिलती है। डीयांश पटले की रूचि गणित में है और वे मैथ्स विषय का चयन करेंगे। डीयांश पटले कलेक्टर बनने के लिए क्क्ष्ट की तैयारी करने में जुट रहे हैं। डीयांश पटले का सपना भविष्य में कलेक्टर बनकर शासन की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा कर समस्त आम जनता को लाभ दिलाना और असहाय बेसहारा लोगों की मदद करवाना एवं अपराधों पर नियंत्रण करना, लापरवाह प्रशासनिक तंत्र को दुरुस्त करना ऐसी उनकी इच्छा है। ताकि वह ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनता को सेवाओं को बेहतर बनाने में अपना योगदान दे सकें। स्थानीय लोगों और परिचितों ने भी डीयांश को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। ग्रामीणों का कहना है कि डीयांश पटले की सफलता क्षेत्र के अन्य छात्र-छात्राओं, विशेषकर बेटियों बेटों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी । डीयाश की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, रिश्तेदार, गांव, बल्कि पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है। लोगों को उम्मीद है कि वह आगे भी इसी तरह सफलता के नए आयाम स्थापित करेगा। डीयाश पटले ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में उच्चतम अंक अर्जित कर अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी माताजी, मामाजी, नानीजी, मौसी सहित परिजनों, रिश्तेदारों गांव के कुछ विशेष लोगों, अपने विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। डीयाश को मिली इस सफलता में माता गायत्री पटले (स्टाप नर्स), विशेष मार्गदर्शक मालन बाई बिसेन (नानीजी), दुबलता बिसेन (मौसी) बुनेश बिसेन (बड़े मामाजी), देवेश बिसेन(छोटे मामाजी), प्रकाश चौहाने , प्रदीप चौहान सहित परिजनों, रिश्तेदारों व शुभ चिंतकों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई और शुभकामनायें देकर बालक के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की जिला योजना बैठक सम्पन्न, नई कार्यकारिणी की घोषणा

**शहडोल।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की बहुआयामी जिला योजना बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठनात्मक विस्तार एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रांत महामंत्री डॉ. अशोक सोनी, प्रांत मंत्री मेहुल श्रीवास्तव एवं विभाग संगठन मंत्री अरविंद बघेल की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक के दौरान संगठन के विस्तार को गति देने हेतु नई जिला एवं ब्लॉक स्तरीय नियुक्तियों की घोषणा की गई। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष पद पर विजय बहरानी को दायित्व सौंपा गया। वहीं राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष के रूप में अजय तिवारी कार्यकारी जिला अध्यक्ष के रूप में विक्की पटेल तथा जिला मंत्री के रूप में सागर सिंह परस्ते को नियुक्त किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय छात्र परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष पद पर भरत यादव की नियुक्ति की गई।

# दो दिवसीय जिला स्तरीय पुस्तक मेले का हुआ शुभारंभ

## विद्यार्थियों व अभिभावकों में दिखा उत्साह

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

शैक्षणिक सत्र 2026-27 की तैयारियों के तहत कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय में दो दिवसीय जिला स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया है। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पाण्डवनगर परिसर में आयोजित इस मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी आरके मंगलानी द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न निजी विक्रेताओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का जायजा लिया। पुस्तक मेले में विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पाठ्यपुस्तकें, कॉपियां, पेन, स्कूली ड्रेस सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री किफायती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही है। मेले में बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यार्थी पहुंचकर आवश्यक सामग्री का क्रय कर रहे हैं, जिससे परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। जिला शिक्षा अधिकारी आरके मंगलानी ने बताया कि इस



प्रकार के आयोजनों से अभिभावकों को एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री उचित दरों पर उपलब्ध हो जाती है, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले सभी लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित रहें। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार यह पुस्तक मेला 20 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है, जिसका समय प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित है। मेले के माध्यम से विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व ही आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है ताकि उनकी पढ़ाई निर्बाध रूप से संचालित हो सके। यह पुस्तक मेला शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# धनपुरी में मच्छर नियंत्रण हेतु व्यापक फॉगिंग अभियान जारी

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 के अंतर्गत नगर पालिका धनपुरी द्वारा शहर को स्वच्छ एवं मच्छरजनित बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री पूजा बुनकर के निर्देशन में नगर के विभिन्न वार्डों में नियमित रूप से फॉगिंग मशीन के माध्यम से मच्छररोधी दवा का छिड़काव किया जा रहा है।नगर पालिका द्वारा संचालित इस अभियान का उद्देश्य मच्छरों के प्रजनन पर नियंत्रण स्थापित कर मलेरिया, डेंगू जैसी गंभीर बीमारियों से आमजन को सुरक्षा प्रदान करना है। लगातार किए जा रहे फॉगिंग



कार्य से मच्छरों के प्रसार में प्रभावी कमी देखी जा रही है, जिससे नागरिकों को राहत मिल रही है। इसके साथ ही नगर पालिका का मैदानी अमला जनजागरूकता गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। वार्डों में पहुंचकर नागरिकों को मच्छरों से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं। लोगों को घरों एवं आसपास जलजमाव न होने देने, कूलर व टंकियों का पानी नियमित रूप से बदलने तथा साफ-सफाई बनाए रखने की सलाह दी जा रही है। नगर पालिका द्वारा फॉगिंग एवं जनजागरूकता के संयुक्त प्रयासों से शहर में स्वच्छता के स्तर में सुधार हो रहा है तथा नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनस्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक प्रभावी कदम बताया है। नगर पालिका धनपुरी क्षेत्र में यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# जिला कराटे चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

जिला कराते संघ शहडोल के तत्वावधान में जिला कराटे चैंपियनशिप 2026 का भव्य आयोजन सेंट्रल एकेडमी स्कूल के सभागार में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से आए लगभग 100 बालक एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि राहुल सिंह राणा ने अपने संबोधन में कहा कि शहडोल राजा विराट की नगरी है, जहां 42 डिग्री तापमान की भीषण गर्मी में भी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह साबित किया है कि जिले में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ी 1 से 3 मई तक इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जहां से राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन की संभावना रहेगी। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि राहुल सिंह राणा भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश संगठन प्रभारी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शैलेंद्र तिवारी जिला अध्यक्ष भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सबदर हुसैन बोहरा संचालक बेल वेदर इंटरनेशनल स्कूल एवं संजय मिश्रा संचालक, सेंट्रल एकेडमी स्कूल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार सोंधिया द्वारा किया गया तथा अंत में जिला कराते संघ के सचिव अजय चौधरी ने आभार व्यक्त किया। आयोजन में दयानंद सोंधिया, साक्षी माली, देविका सिंह, कनक सिंह, शिवानी, अभिशा सिंह, निशि बर्मन, निर्भय चौधरी, संजय गंधिकार, रामकिशोर चौरसिया सहित विद्यालय स्टाफ, अभिभावक एवं अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

## प्रदेश में पर्यटन और धार्मिक यात्राओं को सुगम, सुरक्षित और आनंददायक बनाना हेली पर्यटन सेवा का उद्देश्य

# पीएमश्री हेली सेवा के रूप में ओरछा के लिए शुरू की गई पुष्पक विमान की व्यवस्था :

भोपाल | संवाददाता
rashtrabaan.in

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि ओरछा में राजा के रूप में विराजमान हैं भगवान श्रीराम, के दर्शन के लिए पीएमश्री हेली सेवा के रूप में ओरछा के लिए पुष्पक विमान की व्यवस्था की गई है। परशुराम जयंती के मंगल अवसर पर पर्यटन की दिशा में आज मध्यप्रदेश ऐतिहासिक कदम बढ़ा रहा है। आज भोपाल-ओरछा और चंदेरी सेक्टर के लिए पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा का शुभारंभ हो रहा है। आज जिन दो शहरों के लिए सेवा की शुरुआत की गई है, दोनों ही प्रदेश के विरासत स्थल हैं।



चंदेरी का संबंध भी श्रीराम और श्रीकृष्ण से ही है। चंदेरी, पौराणिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन नगरी के रूप में विख्यात है। मध्यप्रदेश में तेजी से बढ़ रहे एविएशन सेक्टर से महाराष्ट्र सहित कई राज्य प्रेरणा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को राजधानी के स्टेट हैंगर से ÷पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा÷ के अंतर्गत नए सेक्टर भोपाल-चंदेरी-ओरछा का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर यात्रियों को बोर्डिंग पास प्रदान किए तथा हेलीकॉप्टर को झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रदेश में पर्यटन और धार्मिक यात्राओं को सुगम, सुरक्षित और आनंददायक बनाना हेली पर्यटन सेवा का उद्देश्य है। कार्यक्रम में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा अशोकनगर के प्रभारी श्री राकेश शुक्ला, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय तथा फ्लाई ओला के श्री एस.राम ओला उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रद्धा, साहस, पुरुषार्थ, पराक्रम, ज्ञानशीलता, दानशीलता और उद्दात चरित्र के धनी भगवान परशुराम ने सदैव अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया। अपने साहस-पराक्रम और पुरुषार्थ के नए-नए कीर्तिमान स्थापित करने वाले भगवान परशुराम जी हर युग में हम सबको प्रेरणा देते रहेंगे। ऐसे दिव्य व्यक्तित्व की जयंती पर प्रदेश को पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा समर्पित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों की सेवा के लिए समान रूप से कार्य कर रही है। इलाज के लिए जरूरतमंद लोगों को पीएमश्री एयर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराने की पहल देश में सबसे पहले मध्यप्रदेश द्वारा ही आरंभ की गई है। मध्यप्रदेश का भौगोलिक क्षेत्र बहुत विस्तृत है, प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक, वाइल्ड लाइफ, पर्यटन की पर्याप्त संभावनाएं विद्यमान हैं। प्रदेश में आवागमन की दृष्टि से हेली पर्यटन सेवा, पर्यटकों का समय बचाने और यात्रा की रोचकता को बढ़ाने में सहायक होगी। इससे प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों का विस्तार होगा, इन गतिविधियों के प्रोत्साहन से प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों का भी स्वतः संचालन होता है और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हैं। पर्यटन को प्रोत्साहित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश में सभी ओर हवाई सेवाओं का विस्तार किया गया है। रेल, बस, सड़क के साथ जल यातायात पर भी कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और पर्यटन स्थलों तक आवागमन को सुगम बनाने के लिए मध्य प्रदेश पर्यटन को बधाई दी।

राष्ट्रबाण
सिवनी, सोमवार 20 अप्रैल 2026

# सिवनी राष्ट्रबाण

• बरघाट • छपारा • धनोरा • घंसौर • केवलारी • कुरई • लखनादौन • सिवनी ग्रामीण

# कलेक्टर साहिबा की विदाई या महंगे तोहफों की नुमाइश?

## सोशल मीडिया पर फोटो क्या डाली, जिले में मच गया बवाल!

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**सरकारी** महकमों में विदाई समारोह तो अक्सर भावनाओं और नम आंखों के लिए जाने जाते हैं, लेकिन सिवनी की तत्कालीन कलेक्टर शीतला पटले का विदाई समारोह अब चर्चाओं के गरम बाजार में है। चर्चा विदाई की नहीं, बल्कि उस सफेद थैले की है जिसने विदाई की गरिमा पर सवालों के घेरे खड़े कर दिए हैं।

क्या है पूरा मामला आपको विस्तार से बताते हैं, हाल ही में तत्कालीन कलेक्टर शीतला पटले के सम्मान में आयोजित विदाई समारोह की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर बिजली की तरह कौंध रही हैं। इन तस्वीरों में आदिवासी विकास विभाग के सर्वेसर्वा असिस्टेंट कमिश्नर लालजीराम मीणा जो पूर्व में भी कार्यशैली को लेकर हमेशा मीडिया की सुर्ख़ियों में छाए रहते हैं। पुनः एक बार फिर उन्होंने ऐसा कार्य किया जिसकी उन्हें खुद कल्पना भी नहीं रही होगी कि मैने क्या से क्या कर दिया। उन्होंने तत्कालीन कलेक्टर शीतला पटले को एक फूलों का गुलदस्ता तो दिया साथ ही एक चमकदार सफेद कैरी बैग भी भेंट करते नजर आ गए जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया। जिससे यह विदाई एक चर्चा का विषय बन गई। वही लोग ने व्यंग्य के माध्यम से कहां कि समझ नहीं आ रहा है कि मामला विदाई का था या फिर आगामी जुगाड़ की नई सेटिंग का?

आदिवासी विभाग के मुखिया ने आखिर कौन से झंडे गाड़ दिए कि विदाई में इतने ब्रांडेड प्रेम की जरूरत आन पड़ी? वही तस्वीर में साफ दिख रहा बैग किसी आम दुकान का नहीं, बल्कि ऐपल उत्पादों के प्रीमियम स्टोर 'इंस्पायर' का है। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर उस बैग के अंदर ऐसा क्या कीमती था? क्या वह कोई महंगा आईफोन था? या फिर कोई आधुनिक गैजेट?

### खुद ही शेयर की तस्वीर, खुद ही फंसी विवादों में?

LaljiRam Meena Meena
3d · Mishra Bandhu · Jaha Da...
परम सम्माननीय कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले मैम के विदाई समारोह के दौरान आत्मीय खुशी के पलों के समय लालजीराम मीणा




वह पोस्ट जो अब विवाद और सुर्खियों में बनी है।

हैरानी की बात यह है कि इन तस्वीरों को खुद असिस्टेंट कमिश्नर ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया। प्रशासन के गलियारों में दबी जुबान में बात हो रही है कि साहब ने साहिबा के साथ अपनी यादें साझा की थीं, पर उन्हें खुद इस अंदेशा नहीं था कि ये महंगा प्रेम उनकी छवि पर भारी पड़ जाएगा। साथ ही आइए डालते हैं और भी मीणा साहब की कुछ तथाकथित महान उपलब्धियों पर नजर, जिनकी वजह से शायद वे कलेक्टर साहिबा के इतने मुरीद हो गए होंगे।

### इन कारणों से सुर्खियों में रहते है मीणा

- **मीडिया की हेडलाइंस में स्थायी निवास :** मीणा साहब की सबसे बड़ी उपलब्धि तो यही है कि वो जहां रहते हैं वहां पर अपने काम से ज्यादा अपनी कार्यशैली और विवादों के कारण मीडिया की सुर्खियां बटोरने में माहिर रहते हैं।
- **कागजी विकास का सुपरफास्ट मॉडल :** जिले के आदिवासी अंचलों में गरीबी आज भी वैसी ही है, लेकिन साहब की फाइलों में विकास इतनी तेज दौड़ा कि शायद उसे कैप्चर करने के लिए ही उन्होंने साहिबा को एप्पल का कैमरा/फोन गिफ्ट करने की सोची होगी।
- **विवादों से अटूट रिश्ता :** विभागीय अनियमितताओं और शिकायतों के बावजूद पद पर अंगद की तरह पैर जमाए रखना भी किसी पद्म सम्मान से कम नहीं है।
- **सोशल मीडिया की फोटो डिप्लोमेसी :** अपनी ही फजीहत का सामान खुद ही इंटरनेट पर परोस देना ऐसी पारदर्शिता और साहस केवल मीणा साहब ही दिखा सकते हैं। उन्होंने फोटो क्या डाली, मानों खुद ही अपने गले में विवादों का हार डाल लिया।

### शुचिता का सफेद झूठ और चमकता थैला

जब सरकारी विभाग के मुखिया ही ब्रांडेड प्रेम में डूबे हों, तो गरीब आदिवासियों के उत्थान की उम्मीद करना बेमानी है। विदाई में गुलदस्ता तो बस एक बहाना था, असल में तो साहिबा को अपनी वफादारी का कीमती नज़राना दिखाना था। सवाल तो लाजिमी है साहब! सरकारी प्रोटोकॉल और शुचिता की दुहाई देने वाले अधिकारियों के बीच विदाई के नाम पर इस तरह के महंगे उपहारों का लेन-देन क्या जायज है? क्या एक लोक सेवक को दूसरे लोक सेवक से ऐसे ब्रांडेड और महंगे गिफ्ट स्वीकार करने चाहिए? फिलहाल, यह तस्वीर सिवनी के सियासी और प्रशासनिक हल्कों में टॉक ऑफ द टाउन बनी हुई है। देखना यह है कि इस गिफ्ट अफसरशाही पर आला कमान की नजर पड़ती है या मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है।

# महाठग विवेक अरोड़ा की मुस्कान के पीछे छिपा है जालसाजी का काला साम्राज्य!

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**वो** खुद को दिल्ली का बड़ा पत्रकार बताता था, रसूखदारों के साथ फोटो खिंचवाता था और सूट-बूट पहनकर ऐसी धाक जमाता था कि अच्छे-अच्छे उसके झांसे में आ जाएं। लेकिन आज उसी विवेक अरोड़ा के पाप का घड़ा फूट चुका है। सिवनी से लेकर जयपुर तक फैले इस ठगी के उस्ताद ने मासूम बेरोजगारों और सरकारी कर्मचारियों को अपना शिकार बनाकर लाखों का चूना लगाया है।

विवेक अरोड़ा कोई मामूली ठग नहीं, बल्कि शातिर दिमाग का वो खिलाड़ी है जिसने मीडिया को अपना ढाल बनाया। सूत्र बताते हैं कि इसने मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल, संस्कारधानी जबलपुर और राजस्थान के जयपुर को अपना मुख्य अड्डा बना रखा था। भोपाल में मंत्रालय के करीब बैठकर यह खुद को गलियारों का बेताज बादशाह बताता था।

**प्रवीण कनेक्शन, क्या है इस खेल का असली मास्टरमाइंड?**

जैसे-जैसे परतें खुल रही हैं, एक नया और चौंकाने वाला नाम सामने आया है कि प्रवीण कुमार भी इस ठगी के इस खेल में प्रवीण और विवेक के बीच के दोस्ताना फोटो और आईडीबीआई बैंक के चेक ने प्रशासन की नींद उड़ा दी है। क्या प्रवीण महज एक मोहरा है या विवेक के साथ मिलकर इस सिंडिकेट को चला रहा था? 20-20 हजार के वो दो चेक आखिर किस कमीशन की तरफ इशारा कर रहे हैं?



टोपीबाज गुरु चेला : विवेक अरोड़ा और प्रवीण।

### सावधान! अब भी एक्टिव हैं गुर्गे

खबर तो यह भी है कि भले ही विवेक अरोड़ा ने जयपुर के सेफ हाउस में पनाह ले रखी हो, लेकिन सिवनी के सरकारी दफ्तरों में उसके पालतू दलाल आज भी एक्टिव हैं। ये सफेदपोश नेटवर्क लोगों को सरकारी बिल पास कराने और ट्रांसफर-प्रमोशन का लालच देकर अब भी जाल बिछा रहे हैं। वही जनता से अपील यह कि भोपाल और जयपुर के आलीशान दफ्तरों में बैठकर मंत्रालय का काम कराने का दावा करने वाले इस ठग से बचें। विवेक अरोड़ा केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक संगठित अपराध का चेहरा बन चुका है।

#### ठगी का तरीका जान दंग रह जाएंगे आप

- **फेक इंटरव्यू का ड्रामा :** प्राइवेट लॉज के कमरों में फर्जी टाइपिंग टेस्ट और इंटरव्यू आयोजित करना।
- **मंत्रालय के नाम पर फर्जीवाड़ा :** मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरनमेंट एंड रिसर्च में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी ईमेल भेजना।
- **फर्जी यूटीआर का मास्टरमाइंड :** जब पीड़ित पैसे वापस मांगते, तो बैंक सर्वर में टेक्निकल एरर का बहाना बनाकर फर्जी ट्रांजेक्शन स्क्रीनशॉट भेजकर उन्हें टरका देना।

# सिवनी में दो बाइकों की टक्कर, तीन लोग घायल

## ईश्वरपुर-गवरी मार्ग पर तेज स्पीड और लापरवाही की वजह से हादसा

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**सिवनी** जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में रविवार को एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

यह हादसा ईश्वरपुर-गवरी मार्ग पर करीब शाम 4:30 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि दोनों बाइकें विपरीत दिशा से आ रही थीं, तभी अचानक आमने-सामने टकरा गईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को सड़क से हटाकर प्राथमिक सहायता दी और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को घंसौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल लोगों की पहचान राजू उइके (28), बिरजू परते (40) और सुरेश उइके (42) के रूप में हुई है। डॉक्टरों के अनुसार, तीनों की हालत फिलहाल स्थिर है और वे निगरानी में हैं।

**तेज रफ्तार और लापरवाही वजह**

प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना सामने आया है। संकरी सड़क और अचानक सामने आए वाहन के कारण चालक नियंत्रण नहीं रख पाए।

### लोगों ने जताई चिंता

स्थानीय लोगों ने इस मार्ग पर लगातार हो रहे हादसों पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि सड़क पर सुरक्षा इंतजाम कमजोर हैं और यातायात नियमों का पालन भी ठीक से नहीं हो रहा। उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है।

# सिवनी पुलिस की अनूठी पहल सृजन 2 का भव्य समापन

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**खाकी** का मानवीय चेहरा और सामुदायिक पुलिसिंग की एक प्रेरक मिसाल पेश करते हुए सिवनी पुलिस द्वारा आयोजित सृजन 2 अभियान का भव्य समापन हुआ। 31 जनवरी 2026 से शुरू हुआ यह सफर 18 अप्रैल की शाम एक यादगार सांस्कृतिक संध्या के साथ संपन्न हुआ, जहाँ बच्चों की प्रतिभा देख उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गया। कार्यक्रम का आयोजन सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, जिला कलेक्टर नेहा मीणा और पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बच्चों के माता-पिता और शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



सृजन अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज की उन विशेष बस्तियों के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना है जहाँ गरीबी, नशा और अपराध जैसी चुनौतियाँ व्याप्त हैं। जिसमें पुलिस लाइन में प्रतिदिन दोपहर 3 से 6 बजे तक लगने वाली इन कक्षाओं में बच्चों को केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाई गई। साथ ही बच्चों ने खेल, कराटे, चित्रकला, नृत्य और नाटक के साथ-साथ टीम भावना और अनुशासन के गुर सीखे और बच्चों को साइबर सुरक्षा, यातायात नियमों और हेल्पलाइन नंबरों (1090, 1098, 1930, 112) की जानकारी देकर उन्हें जागरूक नागरिक बनाया गया।

समापन समारोह में बच्चों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया गया। जिसमें पंकज सोनी और उनकी टीम द्वारा निर्देशित आजादी के बलिदानियों की गाथा नाटक ने दर्शकों में जोश भर दिया। कराटे प्रशिक्षक ओमकार कश्यप के नेतृत्व में बच्चों ने आत्मरक्षा के साहसिक कौशल दिखाए। कनक फाउंडेशन के नुक्कड़ नाटक के जरिए यातायात सुरक्षा का संदेश दिया गया, वहीं विभिन्न समूह नृत्यों और कविता पाठ ने शाम को खुशनुमा बना दिया।

**सम्मान और प्रोत्साहन**

इस अवसर पर केवल सृजन के बच्चों ही नहीं, बल्कि जिले की अन्य प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया है। म.प्र. पुलिस आरक्षक परीक्षा में चयनित 07 अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। हार्टफुलनेस संस्था के सहयोग से राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता के 14 मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। नगर रक्षा समिति के सदस्यों को खेल सामग्री भेंट की गई।

### प्रशासनिक संदेश

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता ने अभियान के उद्देश्यों को साझा करते हुए बताया कि पुलिस का लक्ष्य अपराध रोकना ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को सही दिशा देना भी है। कलेक्टर नेहा मीणा और विधायक दिनेश राय मुनमुन ने इस पहल को परिवर्तनकारी कदम बताते हुए पुलिस प्रशासन की सराहना की और भविष्य में भी पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस सफल आयोजन में एएसपी दीपक मिश्रा, महिला थाना प्रभारी संदीपिका ठाकुर, कंट्रोल रूम प्रभारी ओमेश्वर ठाकरे सहित समस्त पुलिस टीम और विभिन्न सामाजिक संगठनों का विशेष योगदान रहा।

**इनका कहना है-**

सृजन 2 केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उम्मीदों की एक ऐसी पाठशाला साबित हुई है जिसने वंचित तबके के बच्चों के सपनों को पंख देने का काम किया है।

–**दीपक मिश्रा**, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी

# रेंजर और बीट गार्ड की जुगलबंदी से अरी के जंगलों का सीना छलनी!

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**जहाँ** एक ओर सरकार जंगलों को बचाने के लिए करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रही है, वहीं दूसरी ओर सिवनी जिले के अरी क्षेत्र में रक्षक ही भक्षक बन बैठे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी और धरातल की तस्वीरें गवाह हैं कि यहाँ फॉरेस्ट रेंजर और बीट गार्ड की मिलीभगत से रेत का अवैध कारोबार अपनी जड़ें जमा चुका है।



कहने को तो जंगल में परिंदा भी पर नहीं मार सकता, लेकिन यहाँ ट्रैक्टरों के पहिये दिन-रात जंगलों को रौंद रहे हैं। आखिर किसकी शह पर? स्थानीय ग्रामीणों का दबी जुबान में कहना है कि यह पूरा खेल ऊपर से नीचे तक सैटिंग का है। रेंजर और बीट गार्ड ने अपनी आँखों पर लालच की ऐसी पट्टी बाँध ली है कि उन्हें रेत ले जाते भारी वाहन तो क्या, गहरे होते गड्ढे भी नजर नहीं आ रहे।

वही अब जनता पूछ रही सवाल है कि क्या आला अधिकारी कर्मचारी इस संगठित भ्रष्टाचार पर संज्ञान लेंगे? या फिर अरि के इन वर्दीधारी माफियाओं को खुली छूट मिलती रहेगी? अगर जल्द ही इन भ्रष्ट अधिकारियों कर्मचारियों पर नकेल नहीं कसी गई, तो आने वाले समय में यहाँ सिर्फ सूखी रेत और उजाड़ जंगल ही बचेंगे। वही वर्दी की मर्यादा को ताक पर रखकर चंद सिक्कों के लिए जंगल को बेचने वाले इन जिम्मेदारों पर कब होगी एफआईआर?

### ये हो रहा नुकसान

- **प्रकृति से खिलवाड़ :** नदी-नालों और वन क्षेत्रों से बेतहाशा रेत उत्खनन के कारण जलस्तर गिर रहा है और वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास नष्ट हो रहे हैं।
- **राजस्व को चपत :** शासन को मिलने वाले रॉयल्टी के चूने लगाकर ये अधिकारी कर्मचारी अपनी जेबें गरम करने में व्यस्त हैं।
- **मूक दर्शक बना विभाग :** शिकायतें होने के बावजूद कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। जब रक्षक ही सप्लायर बन जाए, तो न्याय की उम्मीद किससे की जाए?

कप्यूटर वर्ल्ड
सेल्स एंड सर्विस
लैपटॉप, कम्प्यूटर, सी.सी.टी.वी कैमरा, होम थियेटर, प्रिंटर, लेमिनेशन, फोटो कॉपियर, नेटवर्किंग, प्रोजेक्टर, कॉर्टरेज रिफलिंग
संपूर्ण कम्प्यूटर ऐससरीज उपलब्ध
पुराने कम्प्यूटर व लैपटॉप उपलब्ध
संपर्क- बैनगंगा कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड, सिवनी, मो.न.-9302833332

ARPIT TVS
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे
7898723789
Infront of Reliance Petrol-pump, Jabalpur Road, Jyarat Naka, Seoni 480661 (M.P)

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433